राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0,

जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षैत्र, मालवीय नगर, जयपुर–302017
फोन नं. 0141–2751417, 2751352/Email- raj_coop_press@yahoo.co.in
Website :- www.thecooperativepress.com

क्रमांक/रारासमु/प्रशा/2015–16/ दिनांक 23-1-2016

नीलामी सूचना

राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जयपुर में स्थापित मशीनें/उपकरण जहाँ है जैसी स्थिति में है नीलामी द्वारा निस्तारित की जानी है। मशीनों/उपकरणों की नीलामी दिनांक 25.02.2016 को 11.00 बजे से 3.00 बजे तक मुद्रणालय परिसर में की जायेगी। मशीन/उपकरणों की विगत निम्नानुसार है :–

1. एच.एम.टी. सिंगल कलर ऑफसैट प्रिन्टिंग मशीन इन्चिकटा – 36 आर (मॉडल–1990)

   कुल वजन लगभग – 5360 कि.ग्रा.

2. स्विफ्ट स्माल ऑफसैट प्रिन्टिंग मशीन (मॉडल–1998)

   कुल वजन लगभग – 750 कि.ग्रा.

3. प्लेट एक्सपोजिंग उपकरण (मॉडल–1991)

   कुल वजन लगभग – 500 कि.ग्रा.

नीलामी हेतु निर्धारित आवश्यक शर्ते :–

1. नीलामी उक्त निर्धारित तिथि एवं नियत समय पर की जायेगी किन्तु अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय में परिवर्तन करने अथवा नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।
2. नीलामी में भाग लेने से पूर्व बोलीदाता को अनुमानित मूल्य का 1 प्रतिशत (न्यूनतम राशि रू. 100/– तथा अधिकतम रू. 5000/–) नकद जमा कराना आवश्यक होगा। असफल बोलीदाता को यह अमानत राशि बोली समाप्त होने के पश्चात लौटा दी जायेगी।
3. सरकारी बोली में अधिकतम बोली लगाने वाली फर्म/व्यक्ति को निर्धारित समस्त शर्तो के आधार पर बोली छोड़ी जायेगी।
4. सफल बोलीदाता को अन्तिम बोली का 25 प्रतिशत भुगतान तत्काल जमा कराना होगा एवं शेष राशि दो कार्य दिवस में जमा करानी होगी तथा नीलाम किये गये माल को मुद्रणालय परिसर से सात दिन में उठाना अनिवार्य होगा। पालन न करने पर बोली निरस्त की जा सकती है अथवा 5 प्रतिशत की शास्ति प्रतिदिन के हिसाब से वसूल की जायेगी।
5. सामान प्राप्त करने के पश्चात किसी भी प्रकार की कमी–बेशी का दायित्व मुद्रणालय का नहीं होगा।

6. सामान पर नियमानुसार देय बिक्री कर/वेट बोलीदाता को मुद्रणालय में जमा कराना होगा।

7. सामान की न्यूनतम बोली आरक्षित राशि से प्रारम्भ की जायेगी एवं इसके पश्चात रू. 1000/- की गुणक में बोली बढ़ायी जायेगी। नीलामी समिति को उच्चतम बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

8. आवश्यकता पड़ने पर नीलामी अगले दिन भी निरन्तर जारी रखी जा सकती है।

(एम.एल.गुर्जर)
प्रबन्ध निदेशक

मुझे/हमें उक्त सभी शर्ते स्वीकार्य है।

हस्ताक्षर बोलीदाता